**भारत सरकार**

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3515**

**13 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**क्वांटम संचार आधारित रक्षा प्रणाली**

**3515 श्री शाहू शहाजी छत्रपति:**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास क्वांटम संचार-आधारित रक्षा प्रणाली विकसित करने के लिए कोई परियोजना कार्यान्वयनाधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त प्रणाली के प्रचालन की समय-सीमा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने उक्त प्रणाली के विकास और परिनियोजन के लिए किसी व्यय का अनुमान लगाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)**

(क) से (घ) जी, हां। फाइबर आधारित सुरक्षित क्वांटम कम्युनिकेशन को प्रदर्शित करने के लिए एक परियोजना पूरी हो गई है और 200 किमी फाइबर क्वांटम की वितरण (क्यूकेडी) के लिए अवधारणा का प्रमाण (पीओसी) सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। डीआरडीओ ने आईआईटी दिल्ली के सहयोग से क्वांटम इंटैंगलमैंट आधारित फ्री-स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार का भी प्रदर्शन किया है। लंबी दूरी के फ्री स्पेस क्वांटम की डिस्ट्रिब्यूशन को प्रदर्शित करने के लिए एक अनुवर्ती परियोजना योजना चरण में है और परियोजना की अपेक्षित लागत 118 करोड़ रुपये होगी।

*****